**खुलासा** शहपुरा पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

# हत्या के उपरांत नाबालिग से किया दुष्कर्म



**शहपुरा नवभारत।** शहपुरा पुलिस ने सनसनीखेज कत्ल और दुराचार का खुलासा करते हुए पहले एक आरोपी देवेंद्र चौधरी को जबलपुर से गिरफ्तार करते हुए जेल भेजते हुए दूसरे आरोपी हरिओम चौधरी को कटनी से गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया ।

नगर के वार्ड क्रमांक 6 में आरोपी हरिओम चौधरी के साथ महिला लिविंग रिलेशनशिप में रह रही थी। पहले देवेंद्र चौधरी ने अपने भाई हरिओम चौधरी के साथ मिलकर महिला के साथ मारपीट की, जिसके चलते महिला की मौत हो गई। इसके बाद हरिओम चौधरी ने महिला की 14 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने दो अलग-अलग मामला दर्ज करते हुए पहले हत्या के फरार आरोपी देवेंद्र चौधरी को 4 मार्च को जबलपुर से गिरफ्तार किया और हत्या और दुष्कर्म की आरोपी हरिओम चौधरी को 10 मार्च को कटनी से गिरफ्तार करने में शहपुरा पुलिस को सफलता मिली।

### पुलिस टीम को दिया जाएगा पुरस्कार : एसपी

हिस्ट्रीशीटर देवेंद्र चौधरी और उसके भाई हरिओम चौधरी की गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह ने शहपुरा पुलिस के टीम सदस्य थाना प्रभारी अनुराग जामदार, सहायक उप निरीक्षक ताकेश्वरी मरकाम, सहायक उप निरीक्षक विपिन जोशी, राकेश यादव, प्रधान आरक्षक राघवेंद्र सिंह और अन्य पुलिस कर्मियों को पुरस्कार देने की घोषणा की ।

## कोठिया गांव पहुंचा जंगली हाथियों का झुंड, फसलों को पहुंचाया नुकसान

**चिल्हारी नवभारत।** उमरिया जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र पतौर एवं पनपथा से लगे कोठिया गांव के खेतों में बीती देर रात जंगली हाथियों का झुंड पहुंच गया। इस दौरान जंगली हाथियो ने किसान कौशल सिंह के खेत में गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचाया। खेतों में जंगली हाथियों के होने खबर पर किसानों ने हो हल्ला मचाकर और पटाखे फोड़कर भगाने का प्रयास किया और मामले की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जंगली हाथियों को काफी मशक्कत के बाद जंगल की ओर खदेड़ दिया। जंगली हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने से किसानों में निराशा है और वे चिंतित हैं और उचित मुआवजे की मांग की है। वहीं एसडीओ पनपथा ने बताया कि जंगली हाथियों पर लगातार टीम नजर रख रही है ताकि वे रिहायसी इलाको में नहीं आ सके और पूरी सतर्कता बरती जा रही है।



# जंगल में पिकअप पलटी, एक दर्जन घायल

▸ बरहों कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे सभी लोग, घायल जिला अस्पताल में भर्ती

**डिंडौरी, नवभारत 11 मार्च।** जिले के सारसताल क्षेत्र के जंगलों में एक पिकअप वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय डिंडौरी में भर्ती कराया गया।


प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले के सांझ टोला से कई लोग पिकअप वाहन में सवार होकर डिंडौरी जिले के घुसिया चौक में आयोजित बरहों कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सारसताल के जंगल क्षेत्र में वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन में क्षमता से अधिक लोग सवार बताए जा रहे हैं, जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना जताई जा रही है।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत मदद पहुंचाई और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए जिला चिकित्सालय डिंडौरी पहुंचाया गया। खबर लिखे जाने तक डॉक्टरों द्वारा सभी घायलों का उपचार किया जा रहा था। फिलहाल अधिकांश घायलों की हालत सामान्य तो कुछ की गंभीर बताई जा रही थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# टाइगर रिजर्व में बायसनों की संख्या 220 पार

▸ सतपुड़ा से बांधवगढ़ लाये गए बायसनों को खुले जंगल मे छोड़ा गया




**चिल्हारी नवभारत 11 मार्च।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व मे बायसनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से लाए गए 27 बायसनों में से एक मादा ने बच्चे को जन्म दिया, जिसके बाद कुल 28 बायसनों को जंगल में छोड़ दिया गया है। इसके साथ ही बांधवगढ़ में अब बायसनो की कुल संख्या 220 से अधिक हो गई है।

बायसन सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से 27 जनवरी को बांधवगढ़ लाए गए थे। इन्हें कल्लवाह परिक्षेत्र में बने 20 हेक्टेयर के एक बाड़े में रखा गया था। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक डॉ अनुपम सहाय ने बताया कि इन सभी 28 बायसनो को जंगल में छोड़ दिया गया।

### पर्यटक कर सकेंगे बायसनों का दीदार

अब पर्यटक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला, मगधी और कल्लवाह के जंगलों में अब पर्यटक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला, मगधी और कल्लवाह के जंगलों में बायसनों के दीदार कर सकेंगे।



## श्रीमद्भागवत कथा में बह रही ज्ञान की गंगा

**चिल्हारी नवभारत।** उमरिया जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के नवभारत कार्यालय के बगल में प्रहलाद तुलसा मिश्रा के निवास में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की ज्ञान गंगा वृन्दावन धाम से पधारे सदगुरु सत्यान्शु महराज के मुखारबिंद से अमृत रूपी श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण सभी ग्रामीण एवं क्षेत्रीय जनो को कराया जा रहा है। ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोगों से अपील की गई है कि समय से पधार कर अमृत रुपी कथा को श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाए।

# कमीशनखोरी के आरोपों में घिरे एसडीओ

▸ बिल पास कराने के नाम पर सप्लायरों से लाखों की वसूली का आरोप

**डिंडोरी, नवभारत 11 मार्च।** जिले की करंजिया जनपद पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्यों से जुड़े सप्लायरों ने तत्कालीन उपयंत्री करंजिया एवं वर्तमान में डिंडोरी जनपद पंचायत के प्रभारी एसडीओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

सप्लायरों का कहना है कि निर्माण कार्यों में उपयोग की गई सामग्री के बिल पास कराने के नाम पर उनसे लाखों रुपये की अवैध वसूली की गई, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अब तक पूरा भुगतान नहीं मिला है।सप्लायरों के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर किए गए निर्माण कार्यों के लिए उन्होंने सामग्री की सप्लाई की थी। बिल पास कराने के लिए उनसे कथित तौर पर राशि ली गई, लेकिन कई सप्लायरों के करीब 70 से 80 लाख रुपये तक के भुगतान अब भी लंबित बताए जा रहे हैं। आरोप है कि बार-बार संपर्क करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी द्वारा केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है।

### भुगतान नहीं मिलने से बढ़ा आर्थिक संकट

सप्लायरों का कहना है कि निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए उन्होंने बाजार से उधार और ब्याज पर पैसा उठाया था। विभागीय भुगतान न मिलने के कारण अब व्यापारियों द्वारा लगातार भुगतान के लिए तगादा किया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक संकट में घिरते जा रहे हैं। उनका कहना है कि समय पर भुगतान नहीं होने से क्षेत्र में उनकी व्यापारिक साख भी प्रभावित हो सकती है।

### वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की तैयारी

पीड़ित सप्लायरों ने बताया कि मामले की शिकायत जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से की जा चुकी है। हालांकि, संबंधित अधिकारी की ओर से यह बताया गया है कि सभी भुगतान नियमानुसार कर दिए गए हैं। दूसरी ओर सप्लायरों का दावा है कि उनके पास बिल पास कराने के नाम पर ली गई कथित रिश्वत से जुड़े प्रमाण भी मौजूद हैं।

### निष्पक्ष जांच की मांग

अब सप्लायरों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर बकाया भुगतान दिलाने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। ऐसे में देखना होगा कि प्रशासन इस मामले को लेकर क्या कदम उठाता है और पीड़ितों को कब तक राहत मिल पाती है।

# कार्यालयों से अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी



▸ अपर कलेक्टर ने जिला शिक्षा केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

**डिंडौरी, नवभारत 11 मार्च।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले के शासकीय कार्यालयों में अनुशासन, समयपालन एवं कार्यों की नियमितता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अपर कलेक्टर जेपी यादव ने बुधवार सुबह 10:38 बजे जिला शिक्षा केन्द्र, डिंडौरी का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय में एसके मिश्रा एकाउंटेंट और किशन बड़कड़े भृत्य उपस्थित पाए गए। वहीं मावन कुमार गंगभिए (लेखा अधिकारी), प्रमिला मिश्रा एपीसी, अमित गोलिया एपीसी, वीके मिश्रा एई, अनुराग पटेल प्रोग्रामर, डीके पटेल एकाउंटेंट, सुखनंद ठाकुर प्रभारी एपीसी तथा शैलेश कुमार जैन माध्यमिक शिक्षक निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए। जिस पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 तथा संविदा सेवा शर्तों के तहत संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**7 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया**-जारी नोटिस में निर्देश दिया गया है कि संबंधित अधिकारी और कर्मचारी नोटिस प्राप्ति की तिथि से 7 दिवस के भीतर अपना जवाब या स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा नियमानुसार एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने समनापुर में निर्माणाधीन तहसील भवन का किया निरीक्षण



**डिंडौरी।** विगत दिवस कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड समनापुर में निर्माणाधीन तहसील भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को डीपीआर के मापदंडों के अनुसार निर्धारित गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूरा करते हुए अप्रैल 2026 तक भवन तैयार किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि तहसील भवन के तैयार होने से विकासखंड समनापुर के नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी एक ही स्थान पर प्राप्त हो सकेगी।

# नेतृत्व क्षमता विकास पर दी विस्तृत जानकारी

▸ प्रस्फुटन समितियों का बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

**शहपुरा नवभारत 11 मार्च।** मेंहदवानी विकासखंड अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 03 कठौतिया में बुधवार 11 मार्च को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ददरा टोला सरसा के तत्वावधान में प्रस्फुटन समितियों की एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात उपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, छात्र-छात्राएं, नवांकुर संस्था के परामर्शदाता तथा ग्रामीणों के विशिष्ट नागरिक सेमलाल सहित सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं परिचय कराया गया। बैठक के दौरान विकासखंड समन्वयक ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद का परिचय देते हुए परिषद की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों तथा विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

**दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया समझाई**-कार्यक्रम के अगले सत्र में मेंटर देवेश धनंजय ने मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रस्फुटन समितियों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समितियों को दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया समझाते हुए विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के तरीके भी बताए। कार्यक्रम के अंत में परामर्शदाता चिरोंजी बंसल ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# समाज कल्याण में महिलाओं की अहम भूमिका : कलसी



▸ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चिल्हारी में कार्यक्रम आयोजित

**चिल्हारी नवभारत 11 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर संस्था जया सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत चिल्हारी में कार्यक्रम का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी मानपुर हरनीत कौर कलसी के मुख्य आतिथ्य में किया गया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम मानपुर ने कहा कि महिलाएं ममता का प्रतीक के साथ ही शक्ति का भी रूप धारण करती हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष, उनके अधिकारों और समाज मे उनके योगदान को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण दिन है। समाज के अस्तित्व, उत्थान एवं कल्याण में महिलाओं ने आदिकाल से महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है।

### इनकी रही उपस्थिति


महिला दिवस कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य सावित्री चौधरी, सरपंच अरुणा कोल, नायब तहसीलदार टीआर पनिका, अमरपुर चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मौजीलाल चौधरी, सचिव शुभदेश श्रीवास्तव, जया सेवा समिति के अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजर्षि मिश्रा, परामर्शदाता अन्नपूर्णा सोनी, डॉ. जगन्नाथ सोनी जी, रुक्मिणी सोनी, आभा तिवारी, रामरानी गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की।

# ग्राम सुखदास में रंग पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

▸ सीता वल्लभ शरण जू महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित

**चिल्हारी नवभारत 11 मार्च।** जिले के मानपुर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम सुखदास में धूमधाम के साथ रंग पंचमी पर्व मनाया गया। अखंड सीताराम संकीर्तन एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर सुखदास में भव्य रंग पंचमी महोत्सव हवन पूजन का आयोजन किया गया।

रंग पंचमी महोत्सव में बड़ा अखाड़ा मैहर के महंत श्री श्री 1008 श्री सीता वल्लभ शरण जू महाराज के सान्निध्य में आयोजित किया गया जिसमें महाराज का फल से तुला दान किया गया विधिवत पूजा अर्चना की गई श्री महराज ने अबीर गुलाल लगाकर शिष्य मंडली को आर्शीवाद दिया। महाराज ने कहा कि रंग पंचमी महोत्सव 8 मार्च को पूरे भारत में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। भक्त राधा-कृष्ण, श्री राम,



सीता व हनुमान ी पूजा कर, अबीर-गुलाल उड़ाकर और भव्य जुलूसों में शामिल होकर देवताओं की होली मना रहे हैं, जो सांस्कृतिक एकता और हर्षोल्लास का प्रतीक है।

**जप करना मोक्ष का प्रभावशाली मार्ग : महाराज-** महाराज ने कहा कि भगवान का नाम जप (सुमिरन) मोक्ष (मुक्ति) प्राप्त करने का सबसे सरल और प्रभावशाली मार्ग है, विशेषकर कलियुग में। यह सभी पापों को नष्ट कर, मन को शांत कर हृदय में भक्ति जागृत करता है। निरंतर नाम जप से मानसिक शांति, आत्म-ज्ञान और अंततः परमात्मा से मिलन (मोक्ष) की प्राप्ति होती है, जो सांसारिक बंधनों से मुक्ति दिलाता है। पूरा प्रांगण भक्ति के रंग में रंग दिखाई दिया।

**पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे हुए शामिल-** भारतीय जनता पार्टी के सनातनी नेता पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे रंग पंचमी महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सदगुरुदेव भगवान का पूजा अर्चना कर सभी के कल्याण के लिए सुख समृद्धि की कामना की और आयोजक मंडली को कार्यक्रम के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि जो अज्ञानता और अविद्या के अंधेरे को मिटाकर ज्ञान, सदाचार और दिव्य चेतना का प्रकाश फैलाते हैं, ऐसे गुरु पूज्यनीय है। गुरु शिष्य को जीवन के सही मार्ग पर मार्गदर्शन करते हैं और उन्हें मानसिक सीमाओं से मुक्त कर सत्य व परमात्मा से जोड़ते हैं।

# वन विभाग ने पकड़ी सागौन की सिल्ली व पटिया

▸ एक आरोपी के खिलाफ मामला किया दर्ज

**नौरोजाबाद नवभारत 11 मार्च।** जिले के वन परिक्षेत्र नौरोजाबाद अंतर्गत ग्राम हड़हा में वन विभाग द्वारा भारी मात्रा में सागौन लकड़ी की सिल्ली और पटिया पकड़ी गई है, जिसकी कीमत लगभग 35000 रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर बुधवार को लगभग 12 बजे वन विभाग नौरोजाबाद के परिक्षेत्र अधिकारी पीयूष त्रिपाठी ने टीम गठित कर ग्राम हड़हा निवासी सुकदास कोरी के घर पर छापा मारा। वन विभाग की छापामारी कार्यवाही लगभग 1 घंटे तक चली।इस दौरान वन विभाग द्वारा लगभग 35000 रूपये लागत की सागौन की बेशकीमती लकड़ी जब्त की गई, जिसके



आधार पर वन विभाग द्वारा एक आरोपी सुखदास कोरी के खिलाफ वनोपज व्यापार विनियम अधिनियम 1969 के तहत कार्यवाही की गई।

**रात में की जाती है सागौन लकड़ी की कटाई-** सूत्रों की माने तो नौरोजाबाद वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम हड़हा मे लम्बे अरसे से सागौन की लकड़ी की सप्लाई फर्नीचर कारीगरों को तस्करी करने वालों द्वारा की जा रही है। सागौन की लकड़ी के तस्करों द्वारा नौरोजाबाद वन परिक्षेत्र अंतर्गत कोलौनी बीट, सजनिया बीट, मोहनी बीट, रहठा बीट एवं वन परिक्षेत्र के अन्य कई जगहों से रात में लकड़ी कटाई की जाती है और सुबह होते होते सागौन की लकड़ियों को नियत स्थान ग्राम हड़हा में पहुंचा दिया जाता है।

**अवैध धंधा लंबे अरसे से फल-फूल रहा-** इसी अवैध सागौन की लकड़ी का उपयोग फर्नीचर कारीगरों द्वारा फर्नीचर बनाने में किया जाता है। फर्नीचर कारीगरों के द्वारा सागौन का फर्नीचर बनाकर अच्छे खासे रेट में बेचा जाता है। इनका यह धंधा काफी लंबे अरसे से फल फूल रहा था, ग्राम हड़हा में सागौन तस्करों के खिलाफ वन विभाग नौरोजाबाद द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। 9 मार्च को वनपाल संतोष तिवारी द्वारा अवैध सागौन की लकड़ी से लदी तीन मोटरसाईकिल पकड़ी गईं थी।

# अमित खम्परिया के विरुद्ध थाना कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला किया दर्ज



**उमरिया।** जिले के बहुचर्चित मसीरा घाट टोल नाका के मामले मे उमरिया जिले की थाना कोतवाली उमरिया पुलिस ने आखिरकार 17 साल पुराने प्रकरण मे बहुचर्चित बाहुबली अमित खम्परिया पिता अनिरुद्ध खम्परिया(चतुर्वेदी) निवासी ग्राम टिकुरी थाना इंदवार जिला उमरिया हाल निवासी संजीवनी नगर जबलपुर

के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए धारा 420, 467, 468, 471 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज की है। बताया जाता है कि आरोपी द्वारा वर्ष 2009 मे फर्जी और कूटरचित एफडीआर तैयार कर उसे बैंक में असली दस्तावेज के रूप मे पेश कर पीडब्ल्यूडी विभाग से सरकारी ठेका प्राप्त कर लिया था।बाद मे ठेका समाप्त होने के बाद भी अवैध तरीके से कई सालों तक टोल नाके के नाम पर अवैध वसूली जारी थी। मामला संज्ञान में आने के बाद तत्कालीन कलेक्टर के जी तिवारी ने टोलनाका हटवा दिया था।

# वृद्धा को कुल्हाड़ी मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

▸ चारा काटने को लेकर हुआ था विवाद, इन्दवार थाना अंतर्गत ग्राम चांसूरा का मामला

**चिल्हारी नवभारत 11 मार्च।** खेत में चारा काटने का विवाद इतना गहरा गया कि एक युवक ने अपने रिश्ते की दादी को रात में कुल्हाड़ी से लहूलुहान कर घर में रखे गहने एवं मोटरसाईकिल लूट कर फरार हो गया।

एसडीओपी पीएल परस्ते ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 8 मार्च की मध्यरात्रि इंदवार थाना अंतर्गत ग्राम चसुरा में आरोपी सचिन मिश्रा ने अपने दूर के रिश्ते की दादी रामलली मिश्रा, जो घर में अकेले रहती थी, के सुने घर में घुसकर कुल्हाड़ी से हमला कर



घायल कर दिया और मरा हुआ समझकर उनके शरीर से गहने और घर में रखी बाइक लेकर फरार हो गया। सुबह घटना का खुलासा हुआ, जिसके बाद घायल महिला को चिकित्सा के लिए जबलपुर ले जाया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पुलिस ने शुरुआती जांच में पाया कि परिवार का एक लड़का बीती रात से मोबाइल बंद कर लापता है, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि वृद्ध महिला एवं आरोपी की मां का एक दिन पूर्व खेत में चारा काटने को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।